# 2. IMPORTANCE OF DIGITAL MARKETING

## डिजिटल मार्केटिंग का महत्व

डिजिलट मार्केटिंग वर्तमान व्यावसायिक युग में एक आधार स्तम्भ के समान है। जहाँ डिजिलट मार्केटिंग के माध्यम से व्यवसाय का संचालन करना सुगम हुआ है वहीं समय की भी काफी मात्रा में बचत हो रही है।

कोष का स्थानांतरण तो ध्वनि की गति के समान होने लगी है। इतना ही नहीं संवात, ऑडर आदि का आना जाना बिजली की गति से होने लगा है। यहाँ से ऑडर प्रेषित की जाती है। चन्द समय में ऑडर अपने मुकाम पर हाजिर रहता है।

वर्तमान में जो वस्तु अपने निकट के बाजार में देखने तक को सुलभ नहीं है वह वस्तु डिजिलट माध्यम से ऑडर करते ही निर्धारित समय पर हमारे दरवाजे हाजिर रहता है। हमें कहीं जाना भी नहीं पड़ता है और विश्व स्तरीय वस्तु द्वार पर सुलभ जो जाती है।

## डिजिलट मार्केटिंग का महत्व

1. आज का दोड़ टेक्नोलॉजी का है। जिसमें डिजिलट मार्केटिंग का महत्व द्रुत गति से बढ़ता जा रहा है।

2. आज भाग–दौड़ के युग में डिजिलट मार्केटिंग के माध्यम से उत्पादक, वितरक एवं उपभोक्ताओं यानि सभी के समय की बचत हो रही है।

3. एक सामान्य उपभोक्ता भी इन्टरनेट के द्वारा अपनी सुविधानुसार एवं मनपसन्द वस्तु आसानी से प्राप्त कर सकता है।

4. कोरोना काल में डिजिलट मार्केटिंग का विस्तार तीव्र गति से हुआ क्योंकि जहाँ लोग घर से निकलना नहीं चाहते थें वहीं उनके पसन्द एवं आवश्यकता की वस्तु घर पर सुलभ हो जाती थी।

5. डिजिलट मार्केटिंग के कारण उपभोक्ता घर बैठे वस्तु को पसन्द कर समय का बचत करते हुए उपभोग की वस्तु आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

6. डिजिलट मार्केटिंग के माध्यम से व्यापारी भी कम समय में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक आसानी से अपनी वस्तुओं की खुबियों को पहुँचाकर उससे जुड़ सकता है।

7. डिजिलट मार्केटिंग के कारण लोगों के जीवन स्तर एवं रहन सहन के स्तर में भी काफी बदलाव महसूस कर रहा है।

8. डिजिलट मार्केटिंग के द्वारा एक उत्पादक अपने उत्पाद का बाजार सुदूरवर्ती, पर्वतीय, दुर्गम एवं विदेशों में भी स्थापित कर सकता है।

9. डिजिलट मार्केटिंग के द्वारा एक उत्पाद अपने उत्पाद को विश्व स्तर तक फैलाने में कामयाब हो रहा है।

10. डिजिलट युग के कारण प्रत्येक मानव कुछ कठिन प्रश्नों का **Google, YouTube** के माध्यम से आसानी से समाधान कर ले रहा है।

11. शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापक व छात्र दोनों के लिए के डिजिलट युग वरदान बन गया है।

*******************